पुस्तकालय

3095
2/8/10

सत्यमेव जयते

असंशोधित

22 JUL 2010

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पै०स०प्रे०सं० 1613 तिथि 28-7-10

चतुर्दश विधान सभा | वृहस्पतिवार, २२ जुलाई,२०१०ई०

पंचदश सत्र | ३१ आषाढ़,१९३२(शक)

**( कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - ११.०० बजे पूर्वाह्न )**

**इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

अध्यक्षः- माननीय सदस्यगण, अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है। प्रश्नोत्तर काल। माननीय संसदीय कार्य मंत्री।

श्री नंद किशोर यादव, मंत्रीः- महोदय,मैं बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम ४ (२) परन्तुक के अधीन चतुर्दश विधान सभा के पंचम सत्र के अनागत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों का कुल १७३ के मुद्रित प्रतियाँ सदन पटल पर रखता हूँ।

अध्यक्षः- अब अल्पसूचित प्रश्न लिये जायेंगे।

**अल्पसूचित प्रश्न संख्याः-६**

अध्यक्षः-माननीय सदस्य श्री अखतरुल ईमान निलंबित सदस्य है लेकिन अगर इसका उत्तर तैयार हो तो सभा पटल पर रख दें।

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्रीः- महोदय,मैं व्यवस्था पर हूँ। जो सदस्य दुराचरण के कारण निष्काषित हैं, निलंबित ही नहीं,निष्काषित हैं पूरे सत्र के लिए, तो आखिर जनता को यह एहसास होना चाहिए कि हमारे जनप्रतिनिधि ने जनहित के सवालों को छोड़कर दुराचरण के चलते सजा पाया। इसलिए ऐसे प्रश्नों को न लिये जाने का हमारा आग्रह है।

अध्यक्षः- आसन ने आपके विचारों पर गंभीरता से विचार किया है। चूंकि प्रश्न जनहित से संबंधित है, अगर जवाब तैयार हो, तो पटल पर रख दिया जाय।

श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्रीः-अध्यक्ष महोदय,उसी संदर्भ में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। कल जो घटना घटी,चप्पल फेंकने वाली जो बात आयी है,सारे चैनल्स ने फुटेज दिखाया है कि कौन चप्पल फेंक रहा है, तो आपने सदन से निष्काषित किया है,कार्रवाई की है लेकिन जिसने चप्पल फेंका है,उसको चिन्हित किया जाय,फुटेज में दिखाई पड़ रहा है कि कौन व्यक्ति है वह, तो अलग से वैसे व्यक्ति पर और कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति हिम्मत नहीं करें कि अध्यक्ष या किसी पर चप्पल फेंके, जूता फेंके। इसलिए उसे अवश्य ही चिन्हित करके वैसे सदस्य पर अलग से कार्रवाई की जाय।

अध्यक्षः- ठीक है। माननीय मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग। जवाब तैयार हो तो सभा पटल पर रख देंगे।

श्री गिरिराज सिंह,मंत्रीः- सभा पटल पर रख देंगे।

**अल्पसूचित प्रश्न संख्याः-७**

अध्यक्षः-मा०सदस्य श्री रामदेव वर्मा भी निलंबित है। अगर उत्तर तैयार हो तो माननीय मंत्री सभा पटल पर रख देंगे।

तारांकित प्रश्न सं०-११९ का उत्तर क्रमशः

श्री अश्विनी कु०चौबे,मंत्री : (क्रमशः) सी०आई० पाईप बिछाने का कार्य मात्र ३० प्रतिशत ही संवेदक के द्वारा किया गया है ।

३. उक्त दोनों योजनाओं के शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर जलापूर्त्ति चालू कराने का निर्देश संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी को दे दिया गया है ।

श्री रामप्रीत पासवान : माननीय अध्यक्ष जी, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूँ, ये यथाशीघ्र बोलते हैं, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि कब तक, यह २००६-०७ का है, पूरा जल मिनार बना हुआ है, पानी नहीं दे रहा है और लोगों को पानी नहीं मिल रहा है तो माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि यह कब तक काम पूरा हो जायेगा।

श्री अश्विनी कुमार चौबे,मंत्री : महोदय, जो सुक्की प्रखंड है, वहां ९० प्रतिशत कार्य पूर्ण है महोदय और मुझे ऐसा लग रहा है महोदय टेस्टिंग वगैरह सब मिला-जुलाकर के कम से कम एक से डेढ़ महीना समय लगेगा और एक से डेढ़ माह के अन्दर कार्य सम्पादित होगा और काम चालू हो जायेगा महोदय सुक्की में और मनिमरवा ग्राम में महोदय, चूँकि पाईप नहीं मिल रहे थे, हिन्दुस्तान में केवल दो ही पाईप कम्पनी है और उसके कारण टेंडर के बाद भी पाईप आने में विलम्ब हुआ है, ३० प्रतिशत पाईप लगाया जा चुका है संवेदक के द्वारा और इसमें समय लग सकता है, वह काम अगले ४ महीने के बाद ही हो पायेगा महोदय, इसलिए जो बात सही है, वह मैंनें बता दिया ।

अध्यक्ष : ठीक है ।

तारांकित प्रश्न सं०-१२०(श्री प्रदीप कुमार,स०वि०स०)

श्री अश्विनी कु०चौबे,मंत्री : महोदय, १. आंशिक स्वीकारात्मक है ।

नवादा जिले में कुछ क्षेत्र जैसे मेसकौर, सिरदला रोह, अकबरपुर प्रखंडों में जल स्तर ३० फीट से ३५ फीट नीचे तक है । अन्य क्षेत्रों में जलस्तर १० फीट से २४ फीट तक है ।

२. नवादा जिले में कुछ क्षेत्र जैसे मैसकोर,सिरदला रोह, अकबरपुर, रजौली एवं कौआकोल में पेयजल की थोड़ी समस्या है । मेसकौर एवं कौआकोल में टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्त्ति की जा रही है । अन्य क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने पर टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्त्ति की व्यवस्था भी वहां रखी गई है । विभाग द्वारा चापाकल की साधारण मरम्मति/विशेष मरम्मति एवं नये चापाकल का निर्माण कार्य प्रगति में है, जिससे बहुत हद तक पेयजल की समस्या का समाधान हो जायेगा ।

खंड-३ प्रखंड वारिसलीगंज में कुल १३९० अदद चापाकल है, जिसमें ११७७ अदद चालू अवस्था में है ।

पकरीवरांवा प्रखंड में १२६० अदद चापाकल है, जिसमें १००४ अदद चापाकल चालू अवस्था में है । काशीचक प्रखंड में ५२८ अदद चापाकल है, जिसमें ४३७ अदद चालू अवस्था में है ।

ग्राम-भठ्ठा एवं महादेव विगहा में पेयजलापूर्त्ति हेतु निम्न व्यवस्था है :-

(i) भठ्ठा ग्राम की आबादी ४३४० है । इस ग्राम में २० चापाकल है, जिसमें से १५ चालू है । ५ बंद चापाकल की विशेष मरम्मति करायी जा रही है ।

(ii) महादेव विगहा ग्राम की आबादी २३६ है । इस ग्राम में २ चापाकल है, जिसमें से १ चालू है एवं एक बंद चापाकल की विशेष मरम्मति करायी जा रही है । सरकार के मानक के हिसाब से २५० की आबादी पर एक चापाकल होना चाहिए, जो अधिक ही है और शेष जो है, उसको पूर्ण किया जायेगा ।

श्री प्रदीप कुमार : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी भी स्वीकार कर रहे हैं कि नवादा जिला में पानी का अभाव है, तभी न टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है । हम आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहते हैं कि नवादा जिला में पेयजलापूर्त्ति के लिए कौन सा कदम उठाना चाहते हैं, जिससे कि पेयजलापूर्त्ति की जो वहां समस्या है, वह खतम हो ।

श्री अश्विनी कुमार चौबे,मंत्री : महोदय, इन्होंने नवादा जिला के बारे में कहा है, वह सुखाड़ग्रसित जिला है और हमलोगों ने स्वयं इसको जाकर के कई जगहों पर देखा है महोदय, चूँकि वहां रीग मशीन और कई प्रकार के रीग मशीन भी वहां सक्सेस नहीं हो पा रहा है । इसके लिए स्पेशल मशीन कई जगहों पर आवश्यकता है महोदय और उसको उपलब्ध कराना, चूँकि बिहार में वह मशीन नहीं है । हमलोग आन्ध्रा से, हैदराबाद से सब जगह से मंगवाते हैं महोदय और वहां भी रिक्यूजिशन गया है और स्वयं विभाग से परचेज करने के लिए टेंडर भी हुआ है महोदय, इसके लिए हमलोग काम लगाये हुए हैं महोदय । जहां तक नवादा जिला के लिए पूरी योजना बनी है और टैंकर के द्वारा जल को पर्याप्त रूप में भेजा जाय, दर्जनों टैंकर हमलोग नया बनाकर भेजा है महोदय और ट्रैक्टर से, ट्रौली से, टैंकर के द्वारा वहां पानी जा रहा है महोदय । माननीय विधायक जी को भी मालूम होगा महोदय और हमलोग तत्पर हैं महोदय और किसी को पानी के बिना प्यासा नहीं रहने दिया जायेगा, यह सरकार का संकल्प है ।